रोल नं. ...:........

# 1201-A

## कक्षा 12वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

## हिन्दी–1

### (माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23)
(समय : 03 घण्टे)

(कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)
(पूर्णांक : 80)

---

*निर्देश –*

**(i)** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

**(ii)** *प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे।*

**(iii)** *प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित है।*

**(iv)** *प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 75 शब्द हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित है।*

**(v)** *प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 120 शब्द हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित है।*

**(vi)** *प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6

(i) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता में कवि हताश व दुखी क्यों हैं?

(अ) आर्थिक हानि के कारण

(ब) अपराध के कारण

(स) परिवार से बिछड़ने के कारण

(द) इनमें से कोई नहीं

(ii) किस रस को रसराज कहा गया है?

(अ) करुण (ब) श्रृंगार

(स) भक्ति (द) वात्सल्य

(iii) बाजार का जादू चढ़ने का अर्थ है –

(अ) आकर्षक वस्तुएं (ब) उपहार की वस्तुएं

(स) उधार की वस्तुएं (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) वे विभिन्न शब्द जिनका स्त्रोत संस्कृत नहीं है, भारत में ग्राम्य क्षेत्रों अथवा जनजातियों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषा परिवारों के हैं, कहलाते हैं –

(अ) विदेशी शब्द (ब) क्षेत्रीय शब्द

(स) तकनीकी शब्द (द) निपात शब्द

(v) यशोधर बाबू अपना आदर्श मानते थे –

(अ) अपने साले को (ब) अपनी पत्नी को

(स) भूषण को (द) किशनदा को

(vi) टी. वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्त्वपूर्ण है –

(अ) विजुअल (ब) बाईट

(स) नेट (द) उपर्युक्त सभी



https://www.mpboardonline.com

प्र.2 रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए – (1×7=7)

(i) भक्तिकाल की प्रेममार्गी शाखा के प्रमुख कवि .......................... हैं। (जायसी / कबीर)

(ii) पतंग की पतली कमानी .......................... की बनी होती है। (लोहे की / बाँस की)

(iii) 22 से 26 मात्रा वाले छंद को .......................... कहा जाता है। (कवित्त / सवैया)

(iv) भक्तिन का कद .......................... था। (छोटा / बड़ा)

(v) हालदार साहब अब भी नहीं समझ पाए। वाक्य में 'भी' .......................... शब्द है। (निपात / यौगिक)

(vi) यशोधर बाबू ने दफ्तर से लौटते हुए रोज .......................... जाने की रीति अपनाई। (बिड़ला मंदिर / सांई मंदिर)

(vii) संपादकीय को .......................... की आवाज माना जाता है। (आम जनता / अखबार)

प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (1×6=6)

| (अ) | (ब) |
| --- | --- |
| (i) आत्म परिचय | (क) जिठौत |
| (ii) महाकाव्य | (ख) मनोहर श्याम जोशी |
| (iii) जेठ का पुत्र | (ग) हरिवंश राय बच्चन |
| (iv) अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार | (घ) शब्दों का स्थायित्व |
| (v) सिल्वर वैडिंग | (ङ) महादेवी वर्मा |
| (vi) मुद्रित माध्यम की विशेषता | (च) 8 |
| | (छ) पूर्वापर संबंध |
| | (ज) 3 |



https://www.mpboardonline.com

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×7=7)

(i) कविता का उड़ना कौन नहीं जानता?

(ii) जहाँ काव्य की शोभा वृद्धि का आधार शब्द हो, वहाँ कौनसा अलंकार होता है?

(iii) गन्ने के पके हुए गाढ़े रस को क्या कहा जाता है?

(iv) चूरन बेचने का काम कौन करता था?

(v) 5 क्षेत्रीय शब्द लिखिए।

(vi) किशनदा यशोधर को क्या कहकर बुलाते थे?

(vii) डेड लाइन किसे कहते हैं?

प्र.5 सत्य/असत्य कथन लिखिए – (1×6=6)

(i) सीधी बात भाषा के चक्कर में टेढ़ी फँस गई।

(ii) दुर्मिल सवैया का दूसरा नाम चंद्रकला है।

(iii) भक्तिन का जीवन संघर्षशील रहा है।

(iv) लोकोक्ति को कहावत भी कहते हैं।

(v) मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

(vi) कैमरे के सामने बैठे अपाहिज के साथ – साथ दर्शकों को भी रुलाने की कोशिश होती है।

प्र.6 नई कविता की दो विशेषताएं एवं दो कवियों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रयोगवादी कविता की विशेषताएं लिखिए।

प्र.7 स्नेह–सुरा से क्या आशय है? (2)

**अथवा**

बच्चे किस बात की आशा में नीड़ो से झाँक रहे होंगे?



https://www.mpboardonline.com

प्र.8 दो महाकाव्य और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

दो खण्डकाव्य और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्र.9 विरोधाभास अलंकार की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

व्यतिरेक अलंकार की परिभाषा लिखिए।

प्र.10 गद्य की विधाओं को प्रमुख एवं गौण विधाओं में वर्गीकृत करके लिखिए। (2)

**अथवा**

निबन्ध किसे कहते हैं? किन्हीं दो निबंधकारों एवं उनके दो–दो निबंधों के नाम लिखिए।

प्र.11 लगान न चुकाने पर जमींदार ने भक्तिन को क्या सजा दी? (2)

**अथवा**

बाजार का जादू क्या है? वह कैसे काम करता है?

प्र.12 लोकोक्ति और मुहावरे में अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

तकनीकी शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 शब्द युग्म क्या है? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

शब्द शक्ति के बारे में.उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.14 यशोधर बाबू के चरित्र की विशेषताएं लिखिए। (2)

**अथवा**

'जूझ' कहानी के प्रमुख पात्र की दो विशेषताएं लिखिए।

प्र.15 एक अच्छे लेखन के लिए ध्यान देने योग्य कौन–कौन सी बातें हैं? (2)

**अथवा**

पत्रकारीय लेखन के बारे में लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.16 निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर हरिवंश राय बच्चन **अथवा** रघुवीर सहाय का साहित्यिक परिचय लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) कला पक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर महादेवी वर्मा **अथवा** जैनेन्द्र का साहित्यिक परिचय लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा – शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 सोरठा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

**अथवा**

सवैया छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – https://www.mpboardonline.com (3)

हिन्दी भाषा आज विश्वभाषा बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है, किंतु हिन्दी अब तक हमारी राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई, यह सबसे बड़ी विडंबना है। हिन्दी को भारतीय संविधान में राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है, जबकि हिन्दी तो एक दिन का नहीं हर दिन मनाए जाने वाला उत्सव होना चाहिए। आइये हिन्दी को हम अपना गौरव बनाते हुए राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने हेतु प्रयास करें और शान से कहें कि हिन्दी हमारी आन, बान, शान है।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) हिन्दी भाषा अब तक क्या नहीं बन पाई है?

(iii) हिन्दी किस दिशा में आगे बढ़ रही है?



https://www.mpboardonline.com

अथवा

"गगन – गगन तेरा यश फहरा
पवन – पवन तेरा बल गहरा
क्षिति – जल – नभ पर डाल हिंडोले
चरण – चरण संचरण सुनहरा
ओ ऋषियों के त्वेष
प्यारे भारत देश।"

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) आप अपने देश को प्यार क्यों करते हैं?

(iii) क्षिति शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ संदर्भ – प्रसंग तथा सौन्दर्य बोध सहित लिखिए – (4)

'मैं जग – जीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी ज़ीवन में प्यार लिए फिरता हूँ
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ।'

अथवा

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर – भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने?



https://www.mpboardonline.com

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ – प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – (4)

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक – स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है, क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हंस दे। भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी–बारी से आने–जाने वाले अंधेरे–उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिसे प्रकार अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख–दुःख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है।

**अथवा**

बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी, तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है!

प्र.22 नगर पालिका अध्यक्ष को जल की अनियमित आपूर्ति के संबंध में शिकायती पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

अपने नाना जी को गाँव से वापस आने पर अपनी मधुर स्मृतियों का एक पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए – (4)

(i) स्वावलंबन

(ii) भारतीय पर्वों का आनंद

(iii) स्वास्थ्य का महत्त्व

(iv) साहित्य और समाज

(v) मेरी यादगार रेल यात्रा

---



https://www.mpboardonline.com